बरेली, शुक्रवार
11 नवंबर, 2022
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16

दैनिक जागरण

PAGE NO. 4,, MIDDLE

मेडिकल की दुनिया में रेडियोडायग्नोसिस बेहद जरूरी

जासं, बरेली: एसआरएमएस मेडिकल कालेज में अंतरराष्ट्रीय रेडियोलाजी दिवस पर एडवांस इमेजिंग एंड इंटरवेंशनल रेडियोलाजी विभाग की ओर से सीएमई का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न बीमारियों की खोज में रेडियोलाजी के बढ़ती भूमिका पर चर्चा हुई। कालेज के निदेशक एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति ने बीमारियों की जांच में रेडियोडायग्नोसिस को महत्वपूर्ण बताया। इससे पहले कार्यक्रम में सभी का स्वागत आर्गनाइजिंग चेयरपर्सन और विभागाध्यक्ष डा. समीर वर्मा ने किया। कालेज के प्रिंसिपल डा. एसबी गुप्ता ने रेडियोडायग्नोसिस और रेडियोथेरेपी में अंतर स्पष्ट किया। रेडियोलाजिस्ट डा. नम्रता ने उपस्थित लोगों का आभार जताया। डा. नीरज प्रजापति, डा. आरपी सिंह, डा. रोहित शर्मा आदि मौजूद रहे।